जय-तिथि-पत्रक

श्री वीर-निर्वाण संवत्
२५३८-२५३९
विक्रम संवत् २०६९

तेरापंथ संवत्
२५२-२५३
ईस्वी सन् २०१२-२०१३

सम्पादक : 'मंत्री मुनि' मुनि सुमेरमल (लाडनूं)

जैन विश्व भारती
लाडनूं 341306 (राजस्थान)
दूरभाष : 01581-222025, 224671, 222080, फैक्स : 01581-223280
email : jainvishvabharati@yahoo.com, Visit us at : www.jvbharati.org

₹10



जिसका मन, वाणी और कर्म धर्म से ओत-प्रोत हो, वही भगवान् का सच्चा भक्त है।

– आचार्य तुलसी

कष्ट सहन करने का अभ्यास जीवन की सफलता का परम सूत्र है।

– आचार्य महाप्रज्ञ

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

सोहनलाल वी. धाकड़

मेघराज, अजीत, हार्दिक धाकड़

एवं समस्त धाकड़ परिवार

सिसोदा (राजस्थान) – विले पार्ले(पूर्व) मुंबई

www.jvbharati.org

खोए हुए धन को परिश्रम से पुनः प्राप्त किया जा सकता है,
विस्मृत ज्ञान को पुनः याद किया जा सकता है,
अस्वस्थ शरीर को दवा आदि के द्वारा पुनः स्वस्थ बनाया जा सकता है,
किन्तु बीते हुए क्षण को पुनः प्राप्त नहीं किया जा सकता।

- आचार्य महाश्रमण

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

मंगल ग्रुप ऑफ कम्पनीज

• मंगल इन्टरनेशनल लिमिटेड • श्री मंगल ज्वेल्स प्रा.लि. • स्वर्ण मंगल ज्वेल्स
• मंगल टीम्बर प्रा.लि. • मंगल ब्युल्ट होम प्रा. लि. • धाकड़ प्रोपर्टीज एण्ड फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा. लि.
• श्री रत्न मंगल ज्वेल्स प्रा. लि. • मंगल ज्वेलर्स

श्रद्धावनत

सोहनलाल वी. धाकड़ परिवार - सिसोदा-विले पार्ले (पूर्व) मुम्बई

www.jvbharati.org

जय भिक्षु   अर्हम्   जय महाश्रमण

भावभरा आमंत्रण
जसोल चातुर्मास-2012

A
कॉटेज (ईंटों) - दो कमरे (12x10 व 12x10) एक लॉबी (7x8) टॉयलेट, बाथरूम सहित
उपलब्ध सुविधा - पलंग 2, कैर 2, बिस्तर सेट 2, बाल्टी-मग एवं दैनिक समाचार पत्र
निर्धारित राशि - 55,000/- रु. (5 चातुर्मास काल 5 व्यक्तियों तक)

C
कॉटेज (ईंटों) - एक कमरा (12x10) एक लॉबी (7x8) टॉयलेट, बाथरूम सहित
उपलब्ध सुविधा - पलंग 1, बिस्तर सेट 3, बाल्टी-मग एवं दैनिक समाचार पत्र
निर्धारित राशि - 35,000/- रु. (चातुर्मास काल 3 व्यक्तियों तक)

B
कॉटेज (ईंटों) - दो कमरे (ईंटों) (15x10 वातानुकूलित) व (10x10) एक लॉबी (7x8) टॉयलेट, बाथरूम सहित
उपलब्ध सुविधा - पलंग 2, कैर 2, बिस्तर सेट 4, बाल्टी-मग एवं दैनिक समाचार पत्र
निर्धारित राशि - 81,000/- रु. (चातुर्मास काल 5 व्यक्तियों तक (विद्युत खर्च सहित)

D
कॉटेज (चटाई) - एक कमरा (12x10) एक लॉबी (7x8) टॉयलेट, बाथरूम सहित
उपलब्ध सुविधा - पलंग 1, बिस्तर सेट 3, बाल्टी-मग एवं दैनिक समाचार पत्र
निर्धारित राशि - 21,000/- रु. (चातुर्मास काल 3 व्यक्तियों तक)

E
कक्ष - ईंट कमरा (12x10) कॉमन टॉयलेट, बाथरूम
निर्धारित राशि - 51/- प्रतिदिन

F
कक्ष - चटाई कमरा कॉमन टॉयलेट, बाथरूम
निर्धारित राशि - 41/- प्रतिदिन

आचार्य श्री महाश्रमण चातुर्मास व्यवस्था समिति, जसोल

Email : info@terapanthjasol.com • Web.: www.terapanthjasol.com

गौतम सालेचा, संयोजक 09414108229 | जसराज बुरड़, अध्यक्ष 09376724969 | शान्तिलाल भंसाली, महामंत्री 09414107727 | शीतलचन्द लुंकड़, प्रभारी, आवास व्यवस्था 09928015829

www.jvbharati.org

प्रकाशकीय

जैन विश्व भारती के समण संस्कृति संकाय द्वारा विगत ३४ वर्षों से मर्यादा महोत्सव के पावन अवसर पर जय-तिथि-पत्रक का प्रकाशन प्रतिवर्ष निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में १४९वें मर्यादा महोत्सव के पावन अवसर पर संवत् २०६९ का जय-तिथि-पत्रक सुधी पाठकों के हाथों में प्रस्तुत करते हुए हमें हार्दिक प्रसन्नता है। जय-तिथि-पत्रक में ज्योतिषीय सूचनाओं, विशेष पर्वों, महत्त्वपूर्ण दिवसों व अनुष्ठानों के साथ-साथ संस्थाओं एवं विभिन्न संघीय गतिविधियों, कार्यक्रमों आदि से संबंधित उपयोगी सामग्री प्रकाशित की गई है।

परमाराध्य आचार्यप्रवर के निर्देशानुसार तेरापंथ दर्शन मनीषी 'मंत्री मुनि' मुनिश्री सुमेरमलजी 'लाडनूं' ने जय-तिथि-पत्रक संपादन के गुरुत्तर दायित्व का सम्यक् निर्वहन करते हुए दैनंदिन आवश्यकता की ज्योतिषीय सूचना-सामग्री प्रस्तुत करने की कृपा की है, हम मंत्री मुनिश्री के प्रति हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। मुनिश्री उदितकुमारजी के महनीय मार्गदर्शन हेतु हार्दिक कृतज्ञता। श्री जीतमल नाहटा, कोलकाता का सामग्री संकलन कार्य में सहयोग प्राप्त हुआ, तदर्थ हार्दिक आभार। समण संस्कृति संकाय के विभागाध्यक्ष श्री रतनलाल चौपड़ा के अथक श्रम, दिशा-निर्देशन एवं सहयोग हेतु हार्दिक आभार।

जय-तिथि-पत्रक के प्रकाशन के लिए हमें अनेक महानुभावों का आर्थिक सौजन्य प्राप्त हुआ है। उनका उदार सहयोग-भाव संस्था की प्रवृत्तियों को गतिशील रखने में योगभूत बनता है। सभी अनुदानदाताओं के प्रति हम हार्दिक आभार ज्ञापित करते हैं। प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से इस कार्य में सहयोगी सभी महानुभावों के सहयोग हेतु आभार।

विश्वास है कि जय-तिथि-पत्रक की सामग्री सभी उपयोगकर्ताओं के लिए महत्त्वपूर्ण एवं उपयोगी सिद्ध होगी तथा इसमें प्रस्तुत सामग्री से उपयोगकर्ता त्याग-प्रत्याख्यान के लिए प्रेरित होंगे।

पन्नालाल पुगलिया
निदेशक, समण संस्कृति संकाय

०१ दिसम्बर, २०११

सुरेन्द्र चोरड़िया
अध्यक्ष, जैन विश्व भारती

www.jvbharati.org

इतिहास के आलोक में आमेट

आमेट नगर की स्थापना

अरावली की सुरम्य घाटियों के बीच स्थित राजस्थान के राजसमन्द जिले का एक प्रमुख कस्बा आमेट, जिसकी नींव लगभग १३०० वर्ष पूर्व अम्बाजी पालीवाल ने रखी। इस भूमि पर सघन आम्रकुंजों के कारण इस गांव का नाम अम्बापुर (आमेट) पड़ा। व्यावसायिक दृष्टिकोण से आमेट में कपास, किराणा, कपड़ा और रेडीमेड वस्त्रों का वृहद् स्तर पर कारोबार हुआ करता था। वर्तमान में मार्बल व्यवसाय एवं उच्च स्तर की संगमरमर खानें (माइन्स) विश्व में प्रसिद्ध है। इस क्षेत्र में चुण्डावतों का शासन रहा। इन्हीं के वंशजों में जयमल (जग्गा) और पत्ता जैसे अनूठे वीर हुए जिन्होंने मेवाड़ के शौर्य और वीरता के गौरव की अभिवृद्धि की। यहां के राजा जयसिंहजी बड़े धार्मिक और अटूट श्रद्धा के धनी पुरुष थे। कहा जाता है कि उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर श्री चारभुजानाथ चामत्कारिक रूप में धरती के गर्भ से प्रकट हुए, वहां भगवान जयसिंह श्यामजी का प्रसिद्ध मन्दिर है। राव शिवनाथसिंहजी बड़े प्रभावी राजा हुए जिनके शासन काल में आमेट साहित्य, कला एवं संस्कृति का प्रमुख केन्द्र बना। यहां क्षत्रिय, ब्राह्मणों और जैनों की बहुत बड़ी संख्या शुरू से रही है जो आज भी कायम है। भगवान जयसिंह श्याम मन्दिर के साथ प्राचीन भगवान पार्श्वनाथ जैन मन्दिर, श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ भवन, वेवर महादेव मन्दिर, संत आशारामजी आश्रम, शिवनाल में भगवान शिव मन्दिर, तेजस्विता का प्रतीक शिव मन्दिर का त्रिशूल, एक हजार से अधिक वर्ष पहले के पाटन शहर स्थित जैन मन्दिर के अवशेष विद्यमान है। आज भी जैन मन्दिर के प्रत्येक प्रस्तर खण्ड पर शिव त्रिशूल चित्र उकेरा हुआ है। इससे प्रतीत होता है कि शैव और जैन संस्कृति के साथ गहरा तालमेल रहा था।

शीतला माता मन्दिर (शोमाता), कोटेश्वरी महादेव बलिदानी पन्नाधाय की विवाहिता भूमि (कमेरी) जिन्होंने मेवाड़ की आन बान के लिए अपने बेटे चन्दन का सर्वस्व त्याग किया आदि अनेक धार्मिक, प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थल है। कस्बे की बनावट पुरानी है, पर लक्ष्मीबाजार, जवाहरनगर, चारभुजा रोड, मण्डी में सैंकड़ों दुकानें आकर्षक हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या ८ पर केलवा एवं गोमती चौराया से बीस किलोमीटर की दूरी पर अन्दर स्थित है। यहां का रेलवे स्टेशन चारभुजा रोड के नाम से जाना जाता है।

आमेट का जैन समाज

यहां जैन समाज के लगभग ७०० परिवार हैं। जिनमें से ४५० से अधिक तेरापंथी हैं, शेष स्थानकवासी, मूर्तिपूजक एवं दिगम्बर सम्प्रदाय के है। यहां तेरापंथ सभा भवन, स्थानकवासी महावीर भवन, मूर्तिपूजक जैन उपासरा व जैन मन्दिर है। एक ओसवाल भवन भी है।

आमेट और तेरापंथ

तेरापंथ की दृष्टि से मेवाड़ में तेरापंथ की राजधानी कहलाने वाला आमेट कस्बा कई विशेषताओं से लिए जाना जाता है। वि.सं. १८३५ में तेरापंथ धर्मसंघ के आद्य प्रवर्तक आचार्यश्री भिक्षु ने प्रथम चातुर्मास प्रवास किया। १८६६ में द्वितीय आचार्यश्री भारमलजी स्वामी ने चातुर्मास किया। चतुर्थ आचार्य जयाचार्य का मुनि रूप में मुनिश्री हेमराजजी स्वामी के साथ १८७८ में चातुर्मास तथा

www.jvbharati.org

१८८३ में शेषकाल में विराजना हुआ। आचार्यश्री मघवागणी का १९४३ में, आचार्यश्री डालगणी का १९५९ में, आचार्यश्री कालूगणी का १९७२ व १९९२ में आमेट में पदार्पण हुआ। गुरुदेव श्री तुलसी १९९२ में आचार्यश्री कालूगणी के साथ पधारे। वि.सं. २०१७ में आचार्यश्री तुलसी ने तेरापंथ द्विशताब्दी समारोह के अंतर्गत मर्यादा महोत्सव आमेट में करवाया। गुरुदेव ने वि.सं. २०१९ व वि.सं. २०३९ में आमेट पधारे।

वि.सं. २०४२ का ऐतिहासिक पांच मासिक अमृत महोत्सव चातुर्मास यहीं सम्पन्न किया। आचार्यश्री तुलसी का चातुर्मास व अमृत महोत्सव का दूसरा चरण अत्यन्त महत्त्वपूर्ण रहा जिसकी अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां रहीं है।

उन दिनों पंजाब राज्य में चल रहे अलगाववादी आंदोलन से राष्ट्रीय एकता को जबर्दस्त चुनौती मिल रही थी। उस समय आचार्यश्री तुलसी की प्रेरणा से यह सकारात्मक परिणाम निकला कि आंदोलनकारी संत लोंगोवाल एवं श्री सुरजीतसिंहजी बरनाला समाधान की किरण खोजते हुए अणुव्रत प्रवर्तक आचार्यश्री तुलसी के चरणों में समुपस्थित हुए। लगातार तीन दिन तक समझाईस, प्रेरणा और हृदय परिवर्तन के समाधायक सूत्रों के जरिए प्रयास चलता रहा। आखिरकार संत लोंगोवाल ने श्री राजीव गांधी से बातचीत करना स्वीकार किया और एक संकल्प पत्र भर कर शान्ति के लिए हस्ताक्षर किए। गुरुदेव तुलसी को संत लोंगोवाल ने विश्वास दिलाया कि तुरन्त पंजाब में शान्ति और अमन चैन का प्रयास करूंगा। अपने अनुयायियों की ओर से कोई खून खराबा नहीं होने दूंगा। गुरुदेव की प्रेरणा रंग लाई और ऐतिहासिक राजीव-लोंगोवाल समझौता अमल में आया। देश को एक सुकून मिला। इससे प्रभावित होकर तत्कालीन केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शंकरराव चव्हाण को भारत सरकार की ओर से आभार व्यक्त करने के लिए प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने आमेट भेजा। कार्यक्रम में गृहमंत्री द्वारा आचार्यश्री तुलसी के प्रति आभार प्रकट किया गया।

अमृत महोत्सव के सुअवसर पर आमेट में श्री तुलसी अमृत विद्यापीठ की स्थापना हुई जहां वर्तमान में एक हजार से अधिक विद्यार्थी (अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम) से अध्ययनरत हैं। वि.सं. २०४७ में होली चौमासा आचार्यश्री तुलसी ने आमेट में करवाया। वि.सं. २०६१ में आचार्यश्री महाप्रज्ञ एवं युवाचार्यश्री महाश्रमण अपनी धवल वाहिनी के साथ यहां पधारे।

आमेट शहर से बाहर अखाड़ा के महंत जयरामदासजी महाराज तेरापंथ धर्मसंघ के बड़े अनुकूल रहे। अग्निपरीक्षा पुस्तक विवाद में सकारात्मक सोच प्रस्तुत कर सामाजिक एकता को बल दिया। वर्तमान में सीतारामदासजी महाराज की भी वैसी अनुकूलता धर्मसंघ के साथ जुड़ी हुई है।

धर्मसंघ की प्रभावना और आमेट

आमेट में सबसे पहले तेरापंथ धर्मसंघ की श्रद्धा स्वीकार करने वाले अमरोजी डांगी एवं उनका परिवार था। वहां चन्दूबाई कोठारी एक विलक्षण श्राविका हुई, जिसका नाम धर्मसंघ के इतिहास मे स्वर्णाक्षरों में लिखा हुआ है। इसी आमेट के कई भाई, बहिनों ने दीक्षित होकर संयम यात्रा पूरी की। मुनि गुमानजी, मुनि रूपचन्दजी, मुनि दीपचन्दजी मुनि भीमराजजी, मुनि हीरालालजी, मुनि नवलरामजी, साध्वी मगदूजी, साध्वी विरधाजी, साध्वी जीतूजी, साध्वी जोताजी, साध्वी जड़ावांजी, साध्वी कस्तूरांजी, साध्वी सिणगारांजी, साध्वी चूनाजी, साध्वी चांदाजी, साध्वी हगामाजी बड़े ही दिग्गज संत-साध्वी हुए है। मुनि मोहनलालजी एक निर्भीक एवं संघ समर्पित कर्मठ संत हुए। वर्तमान में मुनि तत्त्वरुचिजी धर्मसंघ में साधनारत है। साध्वी दीपांजी ने अपनी सहयोगिनी साध्वियों के सह एक साथ

www.jvbharati.org

छहमासी तप पूरा किया। इतिहास की यह विरल घटना रही। मुनि नथमलजी (रिछेड़) ने अत्यन्त प्रभावशाली ६६ दिन का संलेखना-संथारा परिसंपन्न किया। साध्वी भूराजी ने वि.सं. २०१८ में १४ माह २१ दिन में महाभद्रोत्तर तप पूरा किया। मुनि नथमलजी (रिछेड़), मुनि गणेशमलजी, साध्वी भूरांजी, साध्वी रत्नाजी, साध्वी केसरजी (लाडनूं) का आमेट में महाप्रयाण हुआ। साध्वी केसरजी मंत्री मुनि सुमेरमलजी की संसारपक्षीय ज्येष्ठ भगिनी थी।

विशिष्टता एवं आमेट

श्रावक समाज में भी अनेक प्रबुद्ध एवं तत्त्वज्ञ श्रावक-श्राविकाएं हुए है जिनमें श्री चतुर्भुज हिरण, श्री फूलचंद बम्ब, श्री मांगीलाल कोठारी, श्री कजोड़ीमल बोहरा, श्री नन्दलाल मेहता, श्री अम्बालाल बम्ब, श्री शेषमल पामेचा प्रमुख है। इस धरती पर कई भाई-बहिनों ने अनशन स्वीकार कर अपनी जीवन यात्रा पूरी की इनमें श्री भंवरलाल बम्ब, श्रीमती वनिताबाई चोरड़िया, श्रीमती गट्टूबाई बम्ब, श्रीमती केशरबाई डांगी एवं श्रीमती लेहरीबाई बापना ने पण्डित मरण का वरण किया।

आमेट से कई प्रतिभाएं देश एवं विदेश में कार्यरत है। अपनी धरती से दूर रहकर भी धर्म प्रभावना में सदैव जुड़े हुए हैं। इनमें चेन्नई, कर्नाटक के विभिन्न क्षेत्रों, मुंबई, सूरत आदि दूरदराज क्षेत्रों में प्रतिष्ठित व्यापारिक प्रतिष्ठान स्थापित कर रखे है। धर्म प्रभावना में वे भी अग्रसर है।

आमेट शहर

यहां मार्बल एवं फेल्सफार की सैंकड़ों खानें है। लगभग तीन सौ से अधिक कल कारखानें है। कुम्भलगढ़ विधानसभा के दो उपखण्ड मुख्यालय में से एक मुख्यालय आमेट है। तहसील कार्यालय, नगरपालिका, न्यायपालिका, पंचायत समिति, पुलिस थाना, राजकीय चिकित्सालय, राजकीय महाविद्यालय, रेलवे स्टेशन, (चारभुजा रोड़), राजकीय उच्च माध्यामिक, उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालय एवं आई. टी. आई कालेज आदि सरकारी अर्धसरकारी अनेक शिक्षण संस्थान कार्यरत है।

आमेट का अतीत और वर्तमान अत्यन्त गौरवशाली रहा है। आमेट की प्रमुख विशेषता यह भी है कि लोगों में सौहार्दपूर्ण भावना उल्लेखनीय है। आचार्य परम्परा में आचार्यश्री भिक्षु से ग्यारहवें अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण की आमेट क्षेत्र पर सदैव कृपा रही है। आचार्यों की असीम अनुकंपा के कारण लगभग हर वर्ष पावस प्रवास मिलता रहा है।

आमेट की पुण्य धरा का सौभाग्य है कि तेरापंथ के ग्यारहवें अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण का मर्यादा महोत्सव इस धरती पर हो रहा है। मेवाड़ की अहिंसा यात्रा ऐतिहासिक यात्रा हुई है। पूरे मेवाड़ में उत्सव, उमंग एवं उल्लास का माहौल निर्मित हुआ है। शुभ संयोग है कि आचार्य तुलसी का अमृत महोत्सव मेवाड़ में चार चरणों में सम्पन्न हुआ जिसका दूसरा चरण आमेट में सम्पन्न हुआ। पुनः एक ऐसा संयोग निर्मित हुआ कि आचार्यश्री महाश्रमण का अमृत महोत्सव तीन चरणों में मेवाड़ में सम्पन्न होने जा रहा है जिसका तृतीय चरण आमेट में आयोजित हो रहा है। यह आमेटवासियों के लिए विशेष गौरव का विषय है। आचार्यश्री की कृपादृष्टि इस क्षेत्र पर सदा बनी रहे। आपके आशीर्वाद से क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल रहे। आमेट का संपूर्ण श्रावक समाज गुरु चरणों में श्रद्धानत और समर्पित है।

निवेदक

आचार्यश्री महाश्रमण मर्यादा महोत्सव व्यवस्था समिति

आमेट (राजसमन्द) राजस्थान

www.jvbharati.org

इतिहास प्रसिद्ध नगर (जसवल) जसोल

१. मालाणी का मुकुट है, मिनख बड़ा अनमोल।
धर्म क्षेत्र या शौर्यता, जग-जबरो जसोल।।
२. सिद्ध-पुरुष मल्ली-धणी, माटी रो हद मोल।
संत धरा आ मरुधरा, जग में जबर जसोल।।

राजस्थान की मरुधरा मालाणी का मुकुट जसोल अपनी ढेर सारी विशेषताएं समेटे हुए ऐतिहासिक दृष्टि से ही नहीं, वरन् वर्तमान एवं सुखद भविष्य की कल्पनाओं से लबरेज, आसावल ग्राम आज जसवल या जग प्रसिद्ध जसोल नगर के रूप में तब्दील हो चुका है। मरुधरा में होते हुए भी नैसर्गिक प्राकृतिक सौन्दर्य समेटे हुए एक से बढ़कर एक अध्यात्म-पुरुषों तथा वीर-पुरुषों की जन्मदात्री जसोल नगरी आज विश्व प्रसिद्ध नगरी बन चुकी है।

गौरवमय इतिहास एवं बसावट एक तरफ उत्तुंग-पहाड़ी एवं दूसरी ओर बहती लूनी नदी केवल वास्तु की दृष्टि से ही उत्तम नगर नहीं, किन्तु यहां का उद्गम ही तप एवं त्याग की नींव पर हुआ है अतः ये रत्न-गर्भा धरा कई योगियों, मुनियों, वीरों और सिद्ध-पुरुषों की गर्भजा वसुंधरा रही। इस नगर के एक छोर पर (महज ६-७ कि.मी. पर) पुरातन मंदिर रणछोड़ राय का खेड़ में है तो दूसरे छोर पर महेवा नगर (नाकोड़ा जी) का प्रसिद्ध जैन तीर्थ श्री पार्श्वनाथजी एवं श्री भैरूजी का विशेष चमत्कार लिए हुए है। एक सिरे पर ब्रह्माजी का प्रसिद्ध मंदिर ब्रह्मधाम है तो उस सिरे पर तिलवाड़ा मल्लीनाथ का पुराना मंदिर है। स्वयं जसोल में राणी भटियाणी का मंदिर देश-विदेश के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। लगभग २०१० साल पहले 'आसावल नगर' के रूप में बसा ग्राम जो बाद में यशोवलम् या जसोल के नाम से पुकारा जाने लगा। इस नगर को रावल मल्लीनाथजी ने बसाया था जो स्वयं बाद में संन्यासी बन गये और सिद्ध पुरुष के नाम से प्रख्यात हो गये। धोरीनाथजी का मंदिर पहाड़ी की चोटी पर बना हुआ, आज भी उस बात का मूक-दर्शक है। यहां के वीर जगमालजी ने मुस्लिम शासक अल्लाउद्दीन खिलजी की विशाल सेना से डटकर मुकाबला किया था। यह उक्ति आज भी प्रसिद्ध है-

हाथ-हाथ तलवार है, हर हाथ में ढाल।
बीबी पूछे बादशाह ने, जग में कितरा जगमाल।।

वर्तमान में नगर की छवि

व्यापारिक दृष्टि से कपड़ा उद्योग एवं रंगाई-छपाई का यह प्रसिद्ध क्षेत्र (जसोल-बालोतरा) केवल देश के प्रत्येक राज्य में तैयार माल की यह सप्लाई ही नहीं करता, अपितु विदेश में निर्यात भी होता है तथा किसी समय में यहां की जट पट्टी (बकरी के बालों) का व्यवसाय भी देश-विदेश में प्रसिद्ध था। यहां की क्रीमीलेयर के रूप में देश के वित्त मंत्री व रक्षा मंत्री रह चुके श्री जसवंतसिंहजी

www.jvbharati.org

'जसोल' विपक्ष में सदन में नेता भी रहे है। यहां से विधायक श्री माधोसिंहजी एवं रावल अमरसिंहजी भी रह चुके हैं। वर्तमान में यहां के रावल श्री किशनसिंहजी कस्टम कलेक्टर के रूप में अपनी स्वच्छ व निर्मल छवि के रूप में प्रसिद्धि पा चुके हैं एवं यहां से कई व्यक्ति अधिवक्ता, जज, प्रोफेसर, इंजिनियर, डॉक्टर के रूप में देश-विदेश में अपनी सेवा दे रहे हैं। यहां के लिए जनोक्ति भी प्रसिद्ध है कि जसोल का तो 'भाटा-भाटा वकील' है।

जसोल नगर का उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य–वैसे व्यापारिक दृष्टि से, धार्मिक दृष्टि से, सांस्कृतिक दृष्टि से जसोल का भविष्य उज्ज्वल एवं सुखद लगता है। धार्मिक दृष्टि से तो अणुव्रत अनुशास्ता गुरुदेव श्री तुलसी के शब्दों में 'यह बड़ी उर्वरा भूमि है' के रूप में कही गई बात शत-प्रतिशत सत्य लग रही है।

जैन धर्म का इतिहास–नगर की पहाड़ी की तलहटी में निर्मित शिखर बंद जैन मंदिर यहां के समृद्ध जैनियों की सं. १३९० के पूर्व की गौरव गाथा कह रहा है। मंदिर का शिलालेख आज भी साक्षी दे रहा है एवं उस पर लिखा हुआ नाम भी 'आसावल नगर' अंकित है। यहां तपागच्छ एवं खरतर गच्छ के स्वतंत्र उपासरे मानों यहां के जैनियों की आस्था एवं समृद्धि का बयान कर रहे हैं। यहां कई यति, मुनि आए एवं अपने-अपने धर्म का प्रचार-प्रसार किया। फिर स्थानकवासी या बाईस टोले वाले संतों एवं सतियों के आवागमन से कई परिवार उस पर श्रद्धा रखने लगे।

तेरापंथ का इतिहास–फिर तेरापंथ के द्वितीय आचार्यश्री भारमलजी सर्वप्रथम जसोल पधारे एवं अपनी वाग्धारा से जनमानस को अध्यात्म सिंचन दिया। चतुर्थाचार्य जीतमलजी (जयाचार्य) ने वि. सं. १८९० में एवं सं. १९२१ में पुनः पधार कर धर्मोद्योत किया। जयाचार्य के समय में जसोल की भक्ति व संघ श्रद्धा के कई कीर्तिमान बने। लगभग उस समय पूरा नगर श्रद्धाशील बन गया था।

१. यहां की प्रथम दीक्षा ऋषिराय के शासन काल में मुनि कपूरजी की हुई। उसके बाद में कई व्यक्ति धर्मसंघ में दीक्षित हुए। यहां की साध्वी धन्नाजी से उग्र तपस्या, लघुसिंह निष्क्रीड़ित तप करके कीर्तिमान बनाया। आचार्यश्री कालूगणी के कर कमलों से वि.सं. १९६६ में मुनिश्री पूनमचंदजी की हुई एवं यहां के मुनिश्री गुणेशमलजी ने अपने पूरे परिवार सहित दीक्षा ली थी एवं मुनिश्री गुणेशमलजी एवं जीवनमलजी अत्यन्त बलिष्ठ एवं अप्रमत्त साधक रहे। मुनिश्री सिरेमलजी बड़े ही सरल अप्रमत्त एवं संघ-निष्ठ रहे। आचार्यश्री तुलसी के करकमलों से मुनिश्री जिनेशकुमारजी छोटी अवस्था में भी किसी बहकावे में न आकर अपने से बड़े संतों (जो बाद में बहिर्भूत हो गये) को छोड़कर अपनी संघ निष्ठता का परिचय दिया। अभी उनके हाथों से दो-दो दीक्षाएं हुई है। मुनिश्री यशवंतकुमारजी की दीक्षा आचार्यश्री महाश्रमणजी के कर कमलों से युवाचार्य अवस्था में सर्वप्रथम दीक्षा हुई। यहां के मुनिश्री पृथ्वीराजजी ने १६ दिन की तपस्या में दीक्षा ली। यहां के मुनिश्री कीर्तिकुमारजी एवं विश्रुतकुमारजी आचार्यश्री की अनवरत सेवा में हैं। जसोल की तेरह साध्वियां एवं तीन समणीजी धर्मसंघ में सेवा दे रहे हैं। वर्तमान में सात मुमुक्षु बहनें, कई उपासक-उपासिकाएं धर्मसंघ में सेवाएं दे रहे हैं।

www.jvbharati.org

२. एक बार मुनिश्री जीतमलजी कच्छ की यात्रा संपन्न कर जसोल पधारे एवं क्षुधा परिषह के कारण सहवर्ती मुनि साथ आने में असमर्थ थे अतः अकेले ही नगर में पधारे, लम्बी यात्रा एवं थकान से वे पहचान में नहीं आए और एकल विहारी मुनि समझ कर आगे जाओ (धक्के जाओ)...कह कर उदासीन हो गये। फिर यथास्थिति मालूम पड़ने पर सबने क्षमा याचना की एवं गोचरी, पानी तथा ठहरने के लिए निवेदन किया। बाद में जसोल वालों की श्रद्धा का उदाहरण देकर एवं सराहना कर उपालंभ नहीं, अपितु पुरस्कृत किया।

३. जयाचार्य के दर्शनार्थ जाने हेतु यहां की श्राविका सुखी बाई सालेचा (मुनिश्री गुणेशमलजी की दादी) ने अपने परिवार से बगावत कर, अपने बच्चों का बंटवारा कर, साठ श्राविकाओं के साथ जाकर दर्शन किये। (फिर घर में सामंजस्य हो गया।)

४. जसोल के ही श्रावक मानजी भंसाली एक बार सामायिक में बैठे थे उनके सुपुत्र जुहारजी (बाल्यावस्था में) पास में बैठे थे, अचानक भरभरा कर छज्जा गिर गया, बच्चे जुहारजी उसके नीचे आ गये, ऐसी स्थिति में समता रखनी कठिन होती है पर उन्होंने चिंतन किया, अगर मेरे बच्चे का आयुष्य होगा तो कुछ बिगड़ेगा नहीं और अगर आयुष्य पूर्ण हो गया है तो कुछ उपाय भी नहीं। ऐसे चिन्तन में सामायिक पूरी की। उसे आधुनिक समय में पूणिया श्रावक की सामायिक कही जा सकती है। सामायिक की पूर्णता पर देखा तो जुहारमलजी (बालक) के कुछ नहीं हुआ। हुआ यूं कि एक खंभा इस तरह गिरा कि बच्चे के ऊपर ढाल सी बन गई और मामूली चोट के अतिरिक्त उनका बाल भी बांका नहीं हुआ। इन्हीं मानजी को भीखणजी स्वामी पर प्रगाढ़ श्रद्धा थी। एक बार उनको भयंकर विषधर (सर्प) ने काट लिया फिर भी उन्होंने भीखणजी का स्मरण करना नहीं छोड़ा और अपनी पगड़ी की पट्टी फाड़ कर भीखणजी के नाम की पैर के बांध दी और कार देते हुए कहा– 'अगर विष इससे ऊपर चढ़ा तो भीखणजी की आण है।' एकाएक चमत्कार हुआ और विष आगे नहीं बढ़ पाया और बिना दवा-दारू या झाड़ा-झपटा के एकदम स्वस्थ हो गये।

ऐतिहासिक संथारे– यहां के प्रभावक संथारों में श्रीमती झमकूदेवी का ५८ दिन का, श्रीमती रमकूदेवी (साध्वी रमणीयप्रभा) का १८ दिन का एवं संथारे में मुनि सुखलालजी के द्वारा दीक्षित हुई श्रीमती धन्नीदेवी बुरड़ का ७८ दिन का संथारा प्रशंसनीय है।

विशिष्ट श्रावक– यहां के कई शासन भक्त एवं ख्याति प्राप्त श्रावक-श्राविकाएं हुए हैं। यहां तीन तेरापंथ भवन, दो ओसवाल भवन, एक जैन विद्यालय भवन (ढेलड़िया परिवार द्वारा) एवं एक पारस भवन है। यहां जैन श्रावकों ने दो विद्यालय (बोहरा एवं भंसाली परिवार द्वारा) एवं एक अस्पताल (कोठारी परिवार द्वारा) निर्मित कर सरकार को अर्पित किये हैं। यहां का साम्प्रदायिक सौहार्द अनूठा है। यहां ज्ञानशाला, संस्कार निर्माण शिविर नियमित लगते हैं। यहां की हर कौम में आचार्यश्री महाश्रमण के पधारने का इंतजार एवं उल्लास का वातावरण है एवं इस चातुर्मास में कई कीर्तिमान बनेंगे ऐसी आशा ही नहीं, अपितु पूर्ण विश्वास है।

www.jvbharati.org

॥ अर्हम् ॥

तेरापंथ के ११वें अधिशास्ता, अणुव्रत अनुशास्ता आचार्यश्री
महाश्रमणजी की 'अहिंसा यात्रा' के संदेश को आत्मसात् करें।
स्वस्थ एवं सुखी परिवार निर्माण की परिकल्पना
को ठोस आधार देने में सहभागी बनें।

आचार्य महाश्रमण अमृत महोत्सव के अलभ्य अवसर पर

श्रद्धावनत

श्रीमती गुलाबदेवी - बाबूलाल गोलछा
श्रीमती सुशीलादेवी - कमल किशोर गोलछा
एवं समस्त गोलछा परिवार

रतनगढ़ - शिलोंग - दिल्ली

सम्पर्क सूत्र : 09999114372, 09311734371, 09311019288

बाबूलाल कमल किशोर गोलछा

ए-359, प्रथम तला, सूर्य नगर, पोस्ट - चन्द्रनगर, गाजियाबाद (उ.प्र.) - 201011

अहिंसा व्यक्ति की मौलिक चेतना है।

– आचार्य महाप्रज्ञ

With Best Compliments From

RHJ

Rameshkumar Hamerlal Jain

TOTAL METAL RECYCLERS & MFG. METAL SALT

Head Office

111/119, Thakurdwar Road, Mumbai - 400 002

Tel. : 022-22013540, 22058973, 22069972

Fax : 022-22004579

E-mail : rhj@bom3.vsnl.net.in/dhakad@mtnl.in

ASSOCIATE CONCERNS

RHJ Extrusion Private Limited

(AN ISO 9001-2000 Certified Company)

RHJ Tubes Pvt. Ltd.

RHJ Metals Pvt. Ltd.

Raja Zinc Pvt. Ltd.

Dhakad Metals Pvt. Ltd.

Dhakad Metal Corporation



दूसरी कीमती चीजें यदि खो जाए तो उन्हें दुबारा प्राप्त किया जा सकता है,
किन्तु समय एक ऐसी चीज है, जिसे खोने के बाद दुबारा कभी नहीं पाया जा सकता।
– आचार्य महाश्रमण

परम श्रद्धेय आचार्यश्री महाश्रमणजी के 'भिक्षु भूमि' सिरियारी (राजस्थान)
पदार्पण के पावन अवसर पर शत-शत वंदन-अभिनंदन

श्रद्धावनत

स्व. वस्तीमलजी-सारीबाई एवं ताराचंदजी छाजेड़ की
पुण्य स्मृति में मनोहर, 'शासनसेवी' मांगीलाल-विमला देवी,
शांतिलाल, संजय-मंजु, मनीष-मीना, नवीन-चेतना छाजेड़
सिरियारी - बैंगलोर

शा. मांगीलाल शांतिलाल एण्ड कम्पनी, बैंगलोर
महाप्रज्ञ सिल्क पैलेस, बैंगलोर

www.jvbharati.org

कैलाश जितने ऊंचे सोने और चांदी के असंख्य पर्वत भी मनुष्य की आकाश जितनी इच्छाओं को पूर्ण नहीं कर सकते।

– भगवान महावीर

मनुष्य की शक्ति और धन की ईच्छा दूसरों के लिए वेदना का कारण बनती है।

– भगवान् बुद्ध

हिंसा को तब तक नहीं मिटाया जा सकता जब तक परिग्रह के प्रति हमारी आसक्ति समाप्त नहीं होती।
परिग्रह का सीमाकरण होने पर हिंसा की समस्या स्वतः समाहित हो जाएगी।

– आचार्य तुलसी

हिंसा का मूल स्रोत है पदार्थ के प्रति मूर्च्छा।
पदार्थ की आसक्ति जितनी गहरी होगी हिंसा उतनी ही सघन होती चली जायेगी।

– आचार्य महाप्रज्ञ

भलाई का काम करो, भगवान की सच्ची भक्ति हो जायेगी। तुम्हें अच्छी शक्ति मिल जायेगी।

– आचार्य महाश्रमण

सादर नमन

एम. जी. सरावगी फाउण्डेशन

४१/१ सी, झाउतल्ला रोड कोलकाता - ७०००१९

www.jvbharati.org

प्रेक्षाध्यान

प्रेक्षाध्यान : एक परिचय

प्रेक्षाध्यान हमारे प्राचीन ग्रंथों, आधुनिक विज्ञान और अनुभव का समन्वय है। प्रेक्षाध्यान हमारे विचारों और चेतना को शुद्ध करने का अभ्यास है तथा आत्म-साक्षात्कार की एक प्रक्रिया है। प्रेक्षाध्यान के अभ्यास के द्वारा हम अपने स्वभाव, व्यवहार और व्यक्तित्व का निर्माण कर सकते हैं। सरल शब्दों में प्रेक्षा का अर्थ है 'अपने आपको देखना, अपने शरीर, मन और आत्मा के सूक्ष्म स्पन्दनों को राग-द्वेष से मुक्त होकर केवल देखना और जानना।'

सन् 1970 में पुनः संरचित ध्यान की विधा 'प्रेक्षाध्यान' गणाधिपतिश्री तुलसी एवं आचार्यश्री महाप्रज्ञ के अथक परिश्रम का प्रतिफल है। भगवान महावीर ने अपने साधना काल में ध्यान के जिन प्रयोगों का अभ्यास किया था, आचार्यश्री महाप्रज्ञ ने 20 वर्षों तक शोध और अभ्यास कर प्रेक्षाध्यान के अंतर्गत उन्हें व्यवस्थित रूप में प्रस्तुत किया। प्रेक्षाध्यान जाति, धर्म, रंग और लिंग के भेदभाव के बिना किसी भी व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है। प्रेक्षाध्यान पद्धति सहज, सरल और बिना किसी कठिनाई के सीखी जा सकती है।

देश-विदेश में प्रेक्षाध्यान के हजारों शिविर एवं सेमिनारों का आयोजन हो चुका है। विभिन्न संस्कृतियों से जुड़े लगभग लाखों लोगों ने इसके प्रयोगों का अभ्यास कर आंतरिक परिवर्तन का अनुभव किया है। नियमित अभ्यास से और निखरने वाला यह प्रयोग आज मानव जीवन के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है।

प्रेक्षाध्यान की निष्पत्ति क्या है ?

प्रेक्षाध्यान की मुख्य निष्पत्ति है-चित्त की शुद्धि। हमारे जीवन में संतुलन, आनन्द और शांति का अनुभव उपलब्ध कराने में प्रेक्षाध्यान प्रमुख भूमिका निभाता है। मानसिक तनावों से मुक्ति, ऊर्जा के रूपान्तरण, चेतना के ऊर्ध्वारोहण और एकाग्रता के विकास के लिए प्रेक्षाध्यान वास्तव में जीवन का वरदान है। व्याधि, आधि और उपाधि को समाप्त करने वाला प्रेक्षाध्यान समाधि का प्रवेश द्वार है। इसके साथ-साथ विभिन्न रोगों के उपचार के लिए प्रेक्षाध्यान के प्रयोग लाभदायक हैं। इस संदर्भ में विशद जानकारी तुलसी अध्यात्म नीडम् द्वारा 'प्रेक्षाध्यान' मासिक-पत्र का प्रकाशन सन् 1978 से नियमित हो रहा है।

प्रेक्षाध्यान शिविर में ध्यान के विभिन्न प्रयोग, योगासन, प्राणायाम, कायोत्सर्ग, अनुप्रेक्षा, मंत्र ध्यान आदि के प्रयोग करवाये जाते हैं।

शांति और अध्यात्म के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए अपनी चेतना के ऊर्ध्वारोहण के लिए यही क्षण है निर्णय लेने का।

क्या आप तैयार हैं........

-: विशेष जानकारी के लिए संपर्क :-

प्रेक्षा फाउण्डेशन
तुलसी अध्यात्म नीडम्
जैन विश्व भारती, लाडनूं - 341306
फोन नं. : 01581-222119,222025
मो. 9667234398
E-mail : needam@preksha.com
Website : www.preksha.com

www.jvbharati.org

अध्यात्म ऊर्जा का केन्द्र : जैन विश्व भारती

विश्व इतिहास में मानव संस्कृति को सार्थक दिशा देने वाले महापुरुषों में क्रांतिकारी द्रष्टा, विश्वसंत गणाधिपति गुरुदेव श्री तुलसी एवं आचार्यश्री महाप्रज्ञजी के स्वप्नों की साकार प्रतिमान जैन विश्व भारती की स्थापना शिक्षा, शोध साधना एवं सेवा के विशेष उद्देश्यों के साथ सन् 1970 में राजस्थान के नागौर जिले के लाडनूं नगर में हुई। जैन विश्व भारती अहिंसा और शांति का अनुपम सांस्कृतिक केन्द्र है। शिक्षा, शोध, साहित्य, साधना, सेवा, संस्कृति और समन्वय इन सात महान प्रवृत्तियों को अपने आप में समेटे हुए यह संस्था तपोवन का रूप ले चुकी है और यहां के प्रकंपन यह इंगित दे रहे हैं कि यह प्राचीन काल से कोई तपोभूमि रही है। तेरापंथ धर्मसंघ के दशमाधिशास्ता आचार्य महाश्रमणजी के आध्यात्मिक संरक्षण व निर्देशन में संस्था निरंतर गतिशील है।

शिक्षा

जैन विश्व भारती की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर हुई थी उनमें से एक मुख्य प्रवृत्ति है-शिक्षा। इस उद्देश्य की पूर्ति यहां प्राथमिक से विश्वविद्यालय स्तर तक समस्त शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जैन विश्व भारती के तत्त्वावधान में वर्तमान में विमल विद्या विहार सीनियर सेकेण्डरी स्कूल तथा महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर एवं टमकोर संचालित हैं। मातृ संस्था जैन विश्व भारती के संरक्षण में जैन विश्व भारती विश्वविद्यालय से अब तक लगभग 45,000 विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की है जिनमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने उच्च पदों पर पहुंच कर संस्था का गौरव बढ़ाया है।

भावी पीढ़ी में संस्कारों के संरक्षण तथा आध्यात्मिक व नैतिक शिक्षा के विकास की दृष्टि से **'समण संस्कृति संकाय'** के अंतर्गत जैन विद्या की शिक्षा प्रदान की जाती है।

मनुष्य के बौद्धिक विकास के साथ मानसिक, भावनात्मक और चारित्रिक विकास हेतु आचार्यश्री तुलसी एवं आचार्यश्री महाप्रज्ञजी ने **'जीवन विज्ञान'** की परिकल्पना प्रस्तुत की। ध्यान, योग एवं शिक्षण प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षा का यह क्रांतिकारी प्रयोग जैन विश्व भारती के अंतर्गत **'केन्द्रीय जीवन विज्ञान अकादमी'** द्वारा साकार हो रहा है।

सेवा

शिक्षा के साथ-साथ सेवा के क्षेत्र में भी जैन विश्व भारती अग्रणी है। जैन विश्व भारती परिसर में **'सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला'** तथा बीदासर में **'श्रीमद् आचार्यश्री तुलसी महाप्रज्ञ मानव कल्याण केन्द्र'** सुचारु रूप से संचालित हैं।

'सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला' द्वारा चिकित्सा सेवा विषयक जन-कल्याणकारी प्रवृत्ति का संचालन किया जाता है। यहां जिन औषधियों का निर्माण होता है वे आयुर्वेद विभाग से प्राप्त ड्रग मैन्युफैक्चरिंग लाइसेन्स के अंतर्गत जी.एम.पी. प्रमाणित हैं।

प्राकृतिक चिकित्सा, एक्युप्रेशर एवं फिजियोथैरेपी पद्धति से रोगियों की चिकित्सा हेतु **'श्रीमद् आचार्यश्री तुलसी मानव कल्याण केन्द्र'** की स्थापना जैन विश्व भारती की एक इकाई के रूप में बीदासर में की गई। यहां आधुनिक उपकरणों द्वारा व्यायाम की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में केन्द्र के अंतर्गत होमियोपैथिक चिकित्सा से रोगियों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है।

साधना

प्रेक्षाध्यान- आचार्यश्री महाप्रज्ञजी द्वारा प्रवृतित निर्देशित प्रेक्षाध्यान पद्धति के निरंतर प्रयोग, प्रशिक्षण एवं शोध का केन्द्र है जैन विश्व भारती स्थित- **'तुलसी अध्यात्म नीडम्'**, जहां योग एवं अध्यात्म साधना के अभ्यास एवं प्रशिक्षण के द्वारा व्यक्ति के भाव परिष्कार व संवेग परिवर्तन के प्रयोग होते हैं। सन् 1978 में स्थापित तुलसी अध्यात्म नीडम् का उद्देश्य है-प्रेक्षाध्यान का प्रशिक्षण, विकास एवं अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करना।

www.jvbharati.org

अध्यात्म, योग और अन्य जीवनोपयोगी विषयों पर आधारित मासिक पत्रिका 'प्रेक्षाध्यान' का विगत 31 वर्षों से जैन विश्व भारती के अंतर्गत तुलसी अध्यात्म नीडम् द्वारा प्रकाशन किया जा रहा है।

साहित्य

साहित्य प्रकाशन एवं वितरण-साहित्य प्रकाशन एवं वितरण जैन विश्व भारती की महत्त्वपूर्ण गतिविधि है। आगम, जैन विद्या, जीवन विज्ञान, प्रेक्षाध्यान आदि से संबंधित साहित्य के साथ आचार्य भिक्षु, श्रीमद् जयाचार्य, आचार्य तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ, आचार्य महाश्रमण एवं साधु-साध्वियों, समण-समणीवृंद तथा शोधार्थियों द्वारा लिखित/सम्पादित साहित्य का प्रकाशन विगत लगभग 39 वर्षों से किया जा रहा है। जैन विश्व भारती गत 2-3 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अन्य प्रकाशकों के साथ मिलकर भी साहित्य प्रकाशन व वितरण का कार्य कर रही है।

शोध

जैन विश्व भारती की स्थापना के उद्देश्यों में शोध का विशेष स्थान है। पूज्य आचार्यश्री तुलसी ने इसकी स्थापना के उद्देश्यों में जैन धर्म एवं दर्शन के उच्च-स्तरीय शोध संस्थान की परिकल्पना सामने रखी थी। उसी परिकल्पना की सुखद परिणति स्वरूप जैन विश्व भारती की शोध प्रवृत्ति के अंतर्गत आगम सम्पादन का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कार्य हो रहा है। यह कार्य पूर्व में आचार्यश्री तुलसी व आचार्यश्री महाप्रज्ञजी एवं वर्तमान में आचार्यश्री महाश्रमणजी के निर्देशन में चल रहा है। आगम सम्पादन के प्रबन्धन का सारा दायित्व जैन विश्व भारती द्वारा निर्वहन किया जा रहा है।

हस्तलिखित एवं पाण्डुलिपि विभाग-जैन विश्व भारती में अनेक प्राचीन एवं दुर्लभ जैन हस्तलिखित ग्रन्थ उपलब्ध हैं जिनकी सुरक्षा एवं संरक्षण जैन विश्व भारती के हस्तलिखित एवं पाण्डुलिपि विभाग के अंतर्गत किया जा रहा है।

समन्वय

पुरस्कार एवं सम्मान-जैन विश्व भारती द्वारा कुल 10 पुरस्कारों का संचालन विभिन्न प्रायोजकों के सहयोग से किया जा रहा है। आचार्य महाप्रज्ञ साहित्य पुरस्कार, आचार्य तुलसी अनेकान्त सम्मान, आचार्य तुलसी प्राकृत पुरस्कार, संघ सेवा पुरस्कार, जय तुलसी विद्या पुरस्कार, आचार्य महाप्रज्ञ अहिंसा प्रशिक्षण सम्मान, महादेवलाल सरावगी जैन आगम मनीषी पुरस्कार, जीवन विज्ञान पुरस्कार, गंगादेवी सरावगी जैन विद्या पुरस्कार आदि पुरस्कारों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं देने एवं उल्लेखनीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाता है और उनकी प्रतिभा का सम्यक् मूल्यांकन किया जाता है।

संस्कृति

तुलसी कलादीर्घा-जैन विश्व भारती में स्थित तुलसी कलादीर्घा (आर्ट गैलरी) में जैन धर्म को दर्शाने वाली प्राचीन एवं अर्वाचीन चित्रों एवं हस्तकलाओं की प्रचुर सामग्री का संग्रह किया गया है। दुर्लभ, कलापूर्ण, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व की प्रदर्शन योग्य सामग्री के साथ तेरापंथ के आचार्यों को सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा प्रदत्त राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से संबंधित प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र एवं अन्य सामग्री को यहां पर शो विंडो में कलापूर्ण ढंग से सुसज्जित किया गया है।

उक्त सभी गतिविधियों के साथ सुरम्य हरीतिमा से सुशोभित परिसर जैन विश्व भारती के बाह्य सौन्दर्य की मुखर कहानी कह रहा है। जैन विश्व भारती परिवार आप सभी को सादर आमंत्रित करता है। आप यहां पधारें एवं यहां संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करें। संस्था के विकास हेतु आपके अमूल्य सुझावों एवं विचारों का स्वागत है। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें-

जैन विश्व भारती
पोस्ट : लाडनूं - 341306, जिला : नागौर (राजस्थान)
फोन : (01581) 222025/80, फैक्स : 223280
ई-मेल : jainvishvabharati@yahoo.com
वेबसाईट : www.jvbharati.org

www.jvbharati.org

नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान

दुनिया में शक्ति का महत्व होता है। शक्तिहीन व्यक्ति अपने आप में रिक्तता अनुभव करता है। कभी-कभी शक्तिविहीन मनुष्य अपने आपको दयनीय और असहाय भी अनुभव करता है। सबसे बड़ी शक्ति आध्यात्मिक शक्ति होती है। अन्य शक्तियों का भी अपना-अपना महत्व होता है।

गुरुदेवश्री तुलसी और आचार्यश्री महाप्रज्ञ ने नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान का एक नया उपक्रम प्रारंभ किया। आचार्यश्री महाश्रमण के निर्देशन में वह उसी रूप में विधिवत् चल रहा है। उसका उद्देश्य है- आत्मशुद्धि और ऊर्जा का विकास। उसकी कालावधि आश्विन शुक्ला प्रथमा से प्रारंभ कर निरंतर नौ दिनों की निर्धारित की गई है। चैत्र शुक्ला प्रथमा से प्रारंभ कर निरंतर नौ दिनों की कालावधि में भी इसकी आराधना की जा सकती है। संपूर्ण विधि एवं समय सारिणी इस प्रकार निश्चित की गई है-

प्रातः ९.३० से १०.००

'चंदेसु निम्मलयरा आइच्चेसु अहियं पयासयरा
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु' - का पांच बार पाठ
चंदेसु निम्मलयरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु - का तेरह बार पाठ
आइच्चेसु अहियं पयासयरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु-का तेरह बार पाठ
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु - का तेरह बार पाठ
आरोग्ग बोहिलाभं, समाहिवरमुत्तमं दिंतु - का तेरह बार पाठ
सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु - का इक्कीस बार पाठ
'चंदेसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहियं पयासयरा
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु।' - का पांच बार पाठ

ॐ ह्रीं क्लीं श्र्वीं

धम्मो मंगलमुक्किट्ठं, अहिंसा संजमो तवो।
देवा वि तं नमंसंति, जस्स धम्मे सया मणो ॥१॥
जहा दुमस्स पुप्फेसु, भमरो आवियई रसं।
न य पुप्फं किलामेइ, सो य पीणेइ अप्पयं ॥२॥
एमेए समणा मुत्ता, जे लोए संति साहुणो।
विहंगमा व पुप्फेसु, दाणभत्तेसणे रया ॥३॥
वयं च वित्तिं लब्भामो, न य कोई उवहम्मई।
अहागडेसु रीयंति, पुप्फेसु भमरा जहा ॥४॥
महुकारसमा बुद्धा, जे भवंति अणिस्सिया।
नाणापिंडरया दंता, तेण वुच्चंति साहुणो ॥५॥–का सात बार पाठ

प्रातः १०.०० से १०.३०-आध्यात्मिक प्रवचन

मध्याह्न २.३० से ३.१५ आगम पाठ का स्वाध्याय।

(दसवेआलियं, उत्तरज्झयणाणि आदि के मूल पाठ का स्पष्ट व शुद्ध उच्चारण एवं व्याख्या)

www.jvbharati.org

पश्चिम रात्रि–४.४५ से ५.३०

उवसग्गहरं पासं (उपसर्गहर स्तोत्र) आदि पांच श्लोक एवं 'ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमिऊण' का नौ बार पाठ। फिर 'विघन हरण' का जप।

उपसर्गहर स्तोत्र

उवसग्गहरं पासं, पासं वंदामि कम्मघणमुक्कं।
विसहर-विसनिन्नासं, मंगल-कल्लाण आवासं ।।१ ।।
विसहर-फुलिंग-मंतं, कंठे धारेइ जो सया मणुओ।
तस्स गह-रोग-मारी, दुट्ठ जरा जंति उवसामं ।।२ ।।
चिट्ठउ दूरे मंतो, तुज्झ पणामो वि बहुफलो होइ।
नरतिरिएसु वि जीवा, पावंति न दुक्ख-दोहग्गं ।।३ ।।
तुह सम्मत्ते लद्धे, चिन्तामणि-कप्पपायवब्भहिए।
पावंति अविग्घेणं, जीवा अयरामरं ठाणं ।।४ ।।
इह संथुओ महायस! भत्तिब्भर-निब्भरेण हियएण।
ता देव! दिज्ज बोहिं, भवे भवे पास जिणचंद ।।५ ।।

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमिऊण पास
विसहर वसह जिण फुल्लिंग ह्रीं श्रीं नमः ।।

विघनहरण

विघनहरण मंगलकरण, स्वाम भिक्षु रो नाम।
गुण ओलख सुमिरण करै, सरै अचिंत्या काम ।।

जप और आगम-स्वाध्याय के साथ तप का योग भी आवश्यक माना गया है। तप में एकासन, आयंबिल, षड्विगय वर्जन, पंच विगय वर्जन और दस प्रत्याख्यान में से किसी एक तप की आराधना इस अवधि में की जाए। व्यक्तिगत इच्छा के अनुसार नौ दिनों तक एक ही तप अथवा वैकल्पिक तप की आराधना की जा सकती है।

निर्धारित कालावधि और करणीय क्रम को यथावत् रखते हुए स्थानीय सुविधानुसार समय में परिवर्तन भी किया जा सकता है। साधु-साध्वियों की भांति श्रावक-श्राविकाएं भी इसमें संभागी बन सकते हैं। संभागी श्रावक-श्राविकाओं के लिए निम्नांकित नियम भी अनुष्ठान काल में पालनीय हैंह

ब्रह्मचर्य का पालन, रात्रि भोजन-विरमण (चौविहार/तिविहार), जमींकंद का वर्जन।

अनुष्ठान का प्रारंभ प्रथम दिन प्रातः ९.३० से यानी प्रातःकालीन सत्र में किया जाए एवं अनुष्ठान का समापन रात्रि के ५.३० बजे यानि रात्रिकालीन सत्र में किया जाए।

www.jvbharati.org

आचार्य महाश्रमण अमृत महोत्सव के शुभ पावन अवसर पर
शत-शत वन्दन-अभिवन्दन

जसराज बुरड़ (M) 09374724969

अध्यक्ष
आचार्य श्री महाश्रमण चातुर्मास व्यवस्था समिति, जसोल 2012

J K Burad Offset (India) Pvt. Ltd.

· New Horizon, New Dimension ·
"J K House" Plot No. 26 to 33, Shreeji Industrial Estate,
Raipur Mill Compound, Saraspur, AHMEDBAD - 380018 (INDIA)
Ph : 079-22774732, 22774734, Mob. : 09374724969
website : jkburad.com, E-mail : mail@jkburad.com

www.jvbharati.org

आनंद जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

— आचार्य महाप्रज्ञ

सही दिशा में शक्ति का नियोजन करने वाला
व्यक्ति ही सफलता प्राप्त करता है।

— आचार्य महाश्रमण

श्रद्धावनत

सुआ बाई-ताराचंद लूंकड़
अमरचंद, धरमचंद लूंकड़
राणावास - चेन्नई

www.jvbharati.org

विषय-प्रवेश

कोष्ठक विवरण

जय-तिथि-पत्रक का पहला कोष्ठक अंग्रेजी दिनांक का है और फिर वार का है। उसके बाद तिथि का कोष्ठक है। उसके आगे के दो कोष्ठक में क्रमशः इतने बजे व मिनट तक का संकेत है। छठा कोष्ठक नक्षत्र का है। सातवें व आठवें में नक्षत्र के कितने बजे व मिनट तक का सूचन है। नौवें व दसवें में क्रमशः सूर्योदय व सूर्यास्त कितने बजे होता है इसका निदर्शन है। सूर्योदय व सूर्यास्त लाडनूं को केन्द्र मानकर स्टेण्डर्ड टाइम में दिया गया है। ग्यारहवें कोष्ठक में प्रथम प्रहर कितने बजे आती है तथा बारहवें कोष्ठक में दिन का एक प्रहर कितने घंटे व मिनट का होता है, इसका दिग्दर्शन है। तेरहवें कोष्ठक में चन्द्रमा तथा चौदहवें कोष्ठक में विशेष विवरण के अंतर्गत योग तथा भद्राकाल है। ये भी बजे व मिनट के क्रम से हैं।

तिथि-पत्रक में बजे-मिनट रेलवे समय-सारिणी पद्धति से दिये गये हैं। मध्य रात्रि में १२ बजे से रेलवे समय सारिणी के अनुसार २४ बजे होता है, के बाद ०० समय से शुरू कर २४ बजे तक २४ घंटे मानते हुए चलता है। जैसे-चैत्र शुक्ला प्रतिपदा २२/०२ बजे है। इसका तात्पर्य है-यह तिथि उस दिन २२ बजकर ०२ मिनट तक है। अर्थात् रात्रि में १० बजकर ०२ मिनट तक है। वैशाख कृष्णा द्वितीया १७/३१ बजे है। इसका अर्थ है यह तिथि उस दिन सायं ५ बजकर ३१ मिनट तक रहेगी। इसी तरह चैत्र शुक्ला प्रतिपदा को उत्तराभाद्रपद नक्षत्र १२/३६ बजे है। अर्थात् उस दिन दोपहर १२ बजकर ३६ मिनट तक है।

तिथि व नक्षत्र के बजे-मिनट बराबर में हैं। वे बजे, मिनट से स्पष्ट हैं। चंद्रमा के आगे संख्या ऊपर नीचे हैं। चंद्रमा के ऊपर वाली संख्या बजे व नीचे वाली मिनट है। जैसे-चैत्र शुक्ला द्वितीया को चंद्रमा मेष राशि में १५/१३ अर्थात् मध्याह्न ३ बजकर १३ मिनट पर मेष राशि में प्रवेश करेगा। चंद्रमा के लिए इतना विशेष है कि उसका प्रवेश काल दिया है। विशेष विवरण स्पष्ट है। इसमें योग व अन्य के आगे संख्या बराबर में हैं।

तिथि, नक्षत्र आदि के साथ जहां शून्य (०) अंकित है, वह उस दिन 'पूरे दिन और पूरी रात' है अर्थात् वह तिथि या नक्षत्र उस दिन सूर्योदय से पूर्व शुरू हो गया और दूसरे दिन सूर्योदय होने के बाद तक रहा। वह समय अगले दिन की पंक्ति में है। जैसे-चैत्र शुक्ला सप्तमी को आर्द्रा नक्षत्र के आगे (०) अंकित है जिससे यह नक्षत्र पूरे दिन-रात है। चैत्र शुक्ला पंचमी (प्रथम) के आगे (०) अंकित है अर्थात् यह तिथि पूरे दिन-रात है।

सूर्यास्त से लेकर सूर्योदय होने के ठीक पहले तक का समय ''रात्रि समय'' और उसके बाद ''दिवा समय'' होता है।

विशेष विवरण के कोष्ठक में प्रदत्त योगों के सांकेतिक अक्षरों में पूर्ण नाम इस प्रकार हैं :-

- र.-रवि योग (शुभ व कुयोगनाशक)
- अ.-अमृत सिद्धि योग (शुभ)
- राज.-राजयोग (शुभ)
- कु.-कुमार योग (शुभ)

www.jvbharati.org

● सि.-सिद्धि योग (शुभ)
● मृ.-मृत्यु योग (अशुभ)
● व्या.-व्याघात योग (अशुभ)
● वै.-वैधृति (अशुभ)
● व्य.-व्यतिपात योग (अशुभ)
● ज्वा.-ज्वालामुखी योग(अशुभ)
● पं.-पंचक (अशुभ) घास, लकड़ी एकत्र करने, घर की छत बनाने, दक्षिण यात्रा करने में वर्जित।
● भ.-भद्राकाल (शुभ-अशुभ दोनों)
● यम.-यमघंट योग (अशुभ)

नोट : शास्त्रीय मान्यता है कि मध्याह्न के पश्चात् अशुभ योगों का दोष नहीं रहता।

भद्रा-काल

श्रेष्ठ कार्यों में भद्रा-काल होना वर्जित है, किन्तु शास्त्रकारों ने भद्रा को शुभ भी माना है, जो इस प्रकार है-मेष, वृष, मिथुन और वृश्चिक के चंद्रमा में भद्रा का वास स्वर्ग में रहता है। यह भद्राकाल शुभ और ग्राह्य है।

कन्या, तुला, धनु और मकर के चन्द्रमा में भद्रा का वास नागलोक (पाताल) में रहता है। यह भद्राकाल भी लक्ष्मीदायक-धनदायक होने से शुभ है।

कुंभ, मीन, कर्क और सिंह के चंद्रमा में भद्रा का वास मृत्युलोक में होता है। यह अशुभ है, इसलिए शुभ कार्यों में सर्वथा वर्जनीय है।

भद्राकाल समय-विशेष के साथ शुभ भी बताया है।

शुक्ल पक्ष की भद्रा वृश्चिक संज्ञक और कृष्ण पक्ष की भद्रा सर्पसंज्ञक है। मतान्तर से रात्रि की भद्रा वृश्चिक संज्ञक और दिन की भद्रा सर्पसंज्ञक है। सर्पसंज्ञक भद्रा के मुख की पांच घटी (२ घंटा) और वृश्चिक संज्ञक भद्रा की पुच्छ की तीन घटी (१ घंटा १२ मि.) शुभ कार्य में त्याज्य है।

तिथि-पत्रक के विवरण पृष्ठों के बाद कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बैंगलोर व जोधपुर-इन छह शहरों के महीने की पहली व पन्द्रहवीं तारीख के सूर्योदय व सूर्यास्त का समय दिया गया है।

समय-सारिणी के बाद नक्षत्र के नाम का अक्षर और राशि की तालिका है। फिर राशि स्वामी एवं गुरु दर्शन के नक्षत्र हैं। फिर घातचक्र है। इसके बाद यात्रा में चंद्र विचार, योगिनी विचार चक्र, दिशाशूल विचार चक्र तथा काल-राहु विचार चक्र है। इससे अगले पृष्ठ पर सुयोग-कुयोग चक्र है। अंतिम पृष्ठ पर पोरसी प्रमाण, राहुकाल, दिन एवं रात्रि के चौघड़िये हैं।

चौघड़िया-अवलोकन

दिन का चौघड़िया सूर्योदय से प्रारंभ होता है तथा रात्रि का चौघड़िया सूर्यास्त से प्रारंभ होता है। एक दिन में आठ चौघड़िये व रात्रि में आठ चौघड़िये होते हैं।

